

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

सोमवार 30 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 87 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

खुद पर भरोसा रखो, वही जिंदगी में कमाल करता है। यूं ही नहीं मिलती मंजिलें, एक जुनून सा दिल में जगाना होता है।

## नालंदा विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह में अपनाई भारतीय और सतत परंपरा

### अहिंसा रेशम और खादी पर आधारित विशेष अकादमिक परिधान किया गया शामिल

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नालन्दा विश्वविद्यालय में मंगलवार को दूसरा दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा। इसमें महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि होंगी। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय ने परंपरागत दीक्षांत परिधानों में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए भारतीयता और स्थिरता को केंद्र में रखते हुए विशेष अकादमिक परिधान तैयार किया है। भारी मखमली औपनिवेशिक गाउन की परंपरा से परे नालंदा विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के लिए खादी के परिधान अपनाए हैं। वहीं विशिष्ट अतिथियों और आगंतुकों के लिए अहिंसा रेशम (पीस सिल्क), जिसमें बिहार का प्रसिद्ध भागलपुरी रेशम भी शामिल है से निर्मित वस्त्र तैयार किए गए हैं। अहिंसा रेशम एक पर्यावरण–अनुकूल और क्रूरता–मुक्त कपड़ा है, जिसमें रेशम के कीड़ों को बिना हानि पहुंचाए उनके कोकून से स्वाभाविक रूप से बाहर आने दिया जाता है। यह कपडा हल्का, आरामदायक और स्थानीय जलवायु के अनुरूप होता है। यह पहल अकादमिक गरिमा को बनाए रखने के साथ–साथ भारतीय परंपराओं और पर्यावरणीय मूल्यों के साथ भी सामंजस्य स्थापित करती है।




परिधानों का डिजाइन, रंग–संयोजन और कलात्मकता नालन्दा विश्वविद्यालय के लोगो में निहित द नालन्दा वे की मूल भावना से प्रेरित है, जो मानव और प्रकृति के सह–अस्तित्व को दर्शाती है। नालंदा विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह, मानव आकृतियों से निर्मित एक वृक्ष, इसी दर्शन को साकार करता है, जो सतत विकास, ज्ञान–साझेदारी और विविधता में एकता का प्रतीक है। दीक्षांत समारोह में अतिथियों को प्रदान किए जाने वाले अंगवस्त्र बिहार के नेपुरा और बसवन बिगहा के बुनकरों से विशेष रूप से मंगाए गए हैं। साथ ही 'बावन बूटी' जैसी पारंपरिक बुनाई कला को भी इस पहल में प्रमुखता दी गई है, जो बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है। यह प्रयास 'सहभागिता' पहल के अंतर्गत स्थानीय महिला समूहों और कारीगरों के साथ मिलकर किया गया है। इन पहलों के माध्यम से नालंदा विश्वविद्यालय अपने दीक्षांत परंपराओं को एक नया स्वरूप दे रहा है, और साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा, सतत विकास और सामुदायिक सहभागिता के अपने मूल्यों को भी सशक्त रूप से स्थापित कर रहा है।

## बिहार बोर्ड परीक्षा में नालंदा के होनहारों का जलवा

### मेहनत की कैंची से तराशा भविष्य: टाइल्स लगाने वाला का बेटा भी बना टॉपर

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट नालंदा ।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा के परिणामों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी सुख–सुविधा की मोहताज नहीं होती। नालंदा जिले के साधारण परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों ने अपनी मेधा के दम पर राज्य की मेरिट लिस्ट में जगह बनाकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता की कहानी में सबसे ऊपर नाम आता है। नगरना. ˝सा हाई स्कूल रामपुर के छात्र आनंद कुमार जिन्होंने कमाल कर दिखाया है। आनंद ने 482 अंक (96.4 प्रतिशत) हासिल कर राज्य में नौवां स्थान प्राप्त किया है। मूल रूप से रहुई ब्लॉक के सुसंडी गांव के रहने वाले आनंद का परिवार फिलहाल बमपुर गांव में किराए के मकान में रहता है। उनके पिता रविकांत कुमार पंडित टाइल्स मिस्त्री हैं और मां सरिता देवी कपड़ों की सिलाई का काम करती हैं। आर्थिक चुनौतियों के बीच आनंद ने अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित रखा और अब उनका लक्ष्य इंजीनियर बनकर तकनीकी क्षेत्र में योगदान देना है। उन्होंने अपनी सफलता के लिए अपने माता–पिता के साथ–साथ शिक्षक शिप्पू भैया और आलोक सर के प्रति आभार व्यक्त किया है। इसी कड़ी में नाम आता है सत्य राज का, जिन्होंने 481 अंक प्राप्त कर सूबे में दसवां स्थान हासिल किया है। सत्य राज के पिता दिलीप कुमार पेशे से एक दर्जी हैं, जो सिलाई मशीन के पहिए घुमाकर अपने परिवार का भरण–पोषण करते हैं। सत्य की इस उपलब्धि पर उनके घर और आसपास जश्न का माहौल है और लोग मिठाइयां बांटकर उन्हें बधाई दे रहे हैं। अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता और शिक्षक सुबोध सर को देने वाले सत्य राज भविष्य में आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। अनुशासन और लगन के धनी सत्य ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी और केवल पढ़ाई के लिए गूगल व चौटजीपीटी जैसे डिजिटल माध्यमों का सहारा लिया। बेटियों ने भी इस गौरवमयी सूची में अपनी उपस्थिति मजबूती से दर्ज कराई है। हरनौत प्रखंड के प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की छात्रा दिव्या कुमारी ने 481 अंक (96.2 प्रतिशत) प्राप्त कर राज्य में दसवां स्थान साझा किया है।



दिव्या की इस सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ग्रामीण परिवेश की छात्राएं भी अवसर मिलने पर आसमान छू सकती हैं। इन सभी मेधावी छात्रों की सफलता ने न केवल उनके परिवारों को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे नालंदा जिले के लिए प्रेरणा का एक नया अध्याय लिख दिया है। जिले के इन होनहारों की मेहनत ने यह संदेश दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो अभावों के बीच भी सफलता का परचम लहराया जा सकता है।



## हरनौत के दिव्या कुमारी ने 481 अंक प्राप्त कर 10 वा स्थान किया हासिल

### बिहार विद्यालय परीक्षा समिति 10 वीं का परिणाम हुआ जारी



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा के हरनौत प्रखंड के लोहरा गांव की एक मेधावी छात्रा ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। गरीबी और कड़े संघर्ष के बीच पली–बढ़ी राजेश राम की बेटी दिव्या कुमारी ने 481 अंक हासिल कर 96.2 प्रतिशत के साथ पूरे नालंदा में दूसरा स्थान हासिल किया है। राज्य स्तर पर भी दिव्या ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए टॉप–10 की श्रेणी में 10वां रैंक हासिल कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। दिव्या की इस सफलता के पीछे एक मजदूर पिता का अटूट संकल्प और मां का धैर्य छिपा है। उनके पिता राजेश राम हरनौत स्टेशन रोड पर एक किराए के मकान में रहकर मोटर वाइंडिंग का छोटा–सा काम करते हैं। सीमित आय के बावजूद उन्होंने अपने चार बच्चों की शिक्षा से कभी समझौता नहीं किया। राजेश राम का मानना है कि गरीबी से निकलने का एकमात्र रास्ता शिक्षा ही है। उन्होंने अपनी तीन बेटियों और एक बेटे को पढ़ाने का जो वादा खुद से किया था, आज दिव्या की इस बड़ी उपलब्धि ने उस सपने में नए रंग भर दिए हैं। अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों और माता–पिता को देते हुए दिव्या ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है। हरनौत स्थित श्कॉन्सेप्ट पॉइंटश के डायरेक्टर विवेक सर के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का आधार मानते हुए दिव्या ने कहा कि वह कोचिंग के अलावा रोजाना 8 घंटे स्वरुचि से पढ़ाई (सेल्फ स्टडी) करती थीं। पढ़ाई के दौरान आने वाली किसी भी समस्या के समाधान के लिए वह तुरंत अपने शिक्षकों से संपर्क करती थीं, जिससे उनकी तैयारी में कभी बाधा नहीं आई।

चार भाई–बहनों में दूसरे स्थान पर रहने वाली दिव्या अब भविष्य में इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। उनकी बड़ी बहन मनीषा स्नातक कर रही हैं, वहीं छोटी बहन नंदनी भी इसी नक्शेकदम पर चलते हुए अपनी तैयारी में जुटी हैं। दिव्या की इस ऐतिहासिक सफलता पर पूरे हरनौत और लोहरा गांव में खुशी का माहौल है।सत्य की इस उपलब्धि पर उनके घर और आसपास जश्न का माहौल है और लोग मिठाइयां बांटकर उन्हें बधाई दे रहे हैं। अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता और शिक्षक सुबोध सर को देने वाले सत्य राज भविष्य में आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। अनुशासन और लगन के धनी सत्य ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी और केवल पढ़ाई के लिए गूगल व चौटजीपीटी जैसे डिजिटल माध्यमों का सहारा लिया।

**दिव्या कुमारी को दसवां स्थान**

बेटियों ने भी इस गौरवमयी सूची में अपनी उपस्थिति मजबूती से दर्ज कराई है। हरनौत प्रखंड के प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की छात्रा दिव्या कुमारी ने 481 अंक (96.2 प्रतिशत) हासिल कर राज्य में दसवां स्थान साझा किया है। दिव्या की इस सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ग्रामीण परिवेश की छात्राएं भी अवसर मिलने पर आसमान छू सकती हैं। इन सभी मेधावी छात्रों की सफलता ने न केवल उनके परिवारों को गा. ˝रवान्वित किया है, बल्कि पूरे नालंदा के लिए प्रेरणा का एक नया अध्याय लिख दिया है। जिले के इन होनहारों की मेहनत ने यह संदेश दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो अभावों के बीच भी सफलता का परचम लहराया जा सकता है।




अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120

# निजी विद्यालयों की समस्याओं पर मंथन : भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ की सत्रांत सभा व 9वां समागम सम्पन्न

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा) ।** नालंदा जिले के बिहारशरीफ स्थित कर्पूरी भवन में भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ द्वारा निजी विद्यालयों की सत्रांत सभा सह 9वां समागम धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नालंदा सहित राज्य के विभिन्न जिलों से आए निजी विद्यालयों के शिक्षक, संचालक एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत मानस, संरक्षिका श्रीमती रेखा भारती, संरक्षक डॉ. शशिभूषण कुमार, महासचिव डॉ. संतोष शर्मा, प्रदेश सचिव राजकुमार, उपाध्यक्ष श्रीपति नारायण, गया जिला सचिव विनोद कुमार मेहरवार, जिलाध्यक्ष मोहम्मद जाहिद अनवर एवं उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई तथा सभी अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह, पौधा एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। सभा का मुख्य उद्देश्य निजी विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं पर विचार–विमर्श कर उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल करना था। विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं और अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने बताया कि बिहार में लगभग 30 हजार निजी विद्यालय संचालित हैं, लेकिन कई जिलों के शिक्षा विभाग के पास इनका अद्यतन आंकड़ा तक उपलब्ध नहीं है। सभा में यह भी आरोप लगाया गया कि शिक्षा विभाग समय–समय पर नए आदेश तो जारी करता है, परंतु निजी विद्यालयों की वास्त. विक परिस्थितियों को समझने का गंभीर प्रयास नहीं किया जाता।





जिससे संचालकों एवं शिक्षकों को प्रशासनिक दबाव और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के तहत मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। बताया गया कि वर्ष 2019–20 से कई विद्यालयों को अब तक भुगतान नहीं मिला है। नालंदा जिले में लगभग 600 विद्यालयों ने आरटीई का डाटा अपलोड किया, लेकिन केवल 167 विद्यालयों की ही प्रक्रिया आगे बढ़ सकी है। जांच प्रक्रिया की धीमी गति पर भी असंतोष जताया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत मानस ने अपने संबोधन में कहा कि कोरोना महामारी के बाद निजी विद्यालय कठिन दौर से गुजर रहे हैं और इस स्थिति से उबरने के लिए सभी को एकजुट होकर अपनी बात सरकार और प्रशासन तक पहुंचानी होगी। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य निजी विद्यालयों के हितों की रक्षा के साथ–साथ "शिक्षित और समृद्ध भारत" के निर्माण में योगदान देना है।





उन्होंने नालंदा की ऐतिहासिक शैक्षणिक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह ज्ञान की भूमि है और यहां आयोजित यह सभा समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने यह भी कहा कि निजी विद्यालय आज शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं और अभिभावकों को सीधे संवाद का अवसर देकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने में सहायक हैं।कार्यक्रम में संघ के अन्य पदाधिकारियों एवं विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। नालंदा सहित अन्य जिलों से आए सैकड़ों विद्यालय संचालकों, प्राचार्यों एवं शिक्षकों की भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में संघ की संरक्षिका श्रीमती रेखा भारती के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कुण्डलपुर महोत्सव की तैयारियां पूरी, आज निकलेगी भव्य रथयात्रा


## महोत्सव में शामिल होने कई राज्यों से पहुंच चुके हैं श्रद्धालु

**केशववाणी कुंडलपुर (नालंदा)।** भगवान महावीर की पावन जन्मभूमि कुण्डलपुर में राजकीय स्तर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय कुण्डलपुर महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। दो दिवसीय महोत्सव को लेकर नंद्यावर्त महल तीर्थ परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है। सोमवार की सुबह ध्वजारोहण के साथ होगा। महोत्सव के प्रथम चरण में भगवान महावीर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। भगवान महावीर को रथ पर विराजमान कर तीर्थ परिसर से गाजे–बाजे के साथ यह यात्रा नालंदा म्यूजियम तक जाएगी। इसके पश्चात भगवान का सप्तरंगी महामस्तकाभिषेक शुरू होगा। इसमें जल, दूध, दही, घी के अलावा नारियल, अनार, मौसमी और गन्ने के रस सहित सर्वोषधि से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। विश्व शांति की कामना के साथ महाशांतिधारा और मंगल आरती संपन्न होगी। आधुनिक दौर में पुनर्जीवित हुआ प्राचीन वैभव भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर समिति के मंत्री विजय कुमार ने बताया कि कभी यहां मह. ।राजा सिद्धार्थ का सोने का नंद्यावर्त महल हुआ करता था। जहां माता त्रिशला ने बालक महावीर को जन्म दिया था। समय के साथ यह नगरी वैभवहीन हो गई थी, जिसे गणिनीप्रमुख ज्ञानमती






माताजी की प्रेरणा और पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति महास्वामी के प्रयासों से पुनर्जीवित किया गया है। वर्तमान में यहां 108 फुट ऊंचा विशाल मंदिर और पाषाण निर्मित नंद्यावर्त महल की प्रतिकृति आकर्षण का केंद्र है।भगवान महावीर का श्जियो और जीने दोश का संदेश आज पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक है। इस महोत्सव के माध्यम से हम अहिंसा और शाकाहार के उनके आदर्शों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लेंगे। इस महोत्सव में कई राज्यों के भक्त पहुंचेंगे। इस राजकीय महोत्सव में बिहार सरकार के कई गणमान्य मंत्री और विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। महोत्सव में शामिल होने के लिए दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और झारखंड समेत कई राज्यों से हजारों श्रद्धालु कुण्डलपुर पहुंच चुके हैं। सुरक्षा और सुविधा को लेकर जिला प्रशासन व समिति की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।




# राष्ट्रपति के दौरे को लेकर राजगीर में ट्रैफिक प्लान लागू, कई मार्गों पर नो–एंट्री

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारत की महामहिम राष्ट्रपति के 31 मार्च 2026 को राजगीर अनुमंडल क्षेत्र में प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक ट्रैफिक नियंत्रण योजना लागू कर दी है। इस दौरान राजगीर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों–सिलाव एवं नालंदा खंडहर–में सुरक्षा और सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कई मार्गों पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, राजगीर, नालंदा और सिलाव की ओर सभी प्रकार के व्यावसायिक एवं सवारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बिहारशरीफ के कारगिल चौक (चौराबगीचा) से राजगीर जाने वाले मार्ग, खुदागंज, वनगंगा एवं गिरियक से राजगीर की ओर जाने वाले रास्तों पर भी वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। साथ ही इन मार्गों से जुड़े सभी लिंक रोड भी प्रतिबंधित रहेंगे। वहीं, यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कई वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए हैं। बिहारशरीफ से राजगीर होते हुए नवादा एवं गया




जाने वाले वाहनों को बख्तियारपुर–रजौली राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर गुजरने की सलाह दी गई है। गया, नवादा एवं हिसुआ से आने–जाने वाले वाहनों के लिए भी अलग–अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन ने शहर के विभिन्न स्थानों पर ड्रॉप गेट भी बनाए हैं, जिनमें पिल्खी बायपास, नाहुब मोड़, पंडितपुर मोड़, भुई मोड़ (सिलाव), छबिलापुर बस स्टैंड, विरायतन मोड़, गिरियक मोड़, कारगिल चौक और वनगंगा प्रमुख हैं। इसके अलावा वाहनों की पार्किंग के लिए रास बिहारी प्लस–2 विद्यालय परिसर, नालंदा खंडहर बस स्टैंड, ह्वेनसांग स्मृति मार्ग, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स राजगीर, नालंदा विश्वविद्यालय परिसर, आरडीएच स्कूल राजगीर और स्टेट गेस्ट हाउस हॉकी मैदान सहित कई स्थानों को चिन्हित किया गया है। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी ड्रॉप गेट और पार्किंग स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि राष्ट्रपति के दौरे के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम लोगों को न्यूनतम असुविधा हो।

# तेजाब हमले पर कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित, पीड़ितों के अधिकारों की दी गई जानकारी

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा) ।** इस्लामपुर प्रखंड के कोचरा स्थित कुशवाहा भवन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त निर्देशन में नालंदा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा तेजाब (एसिड) हमले से संबंधित कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला जज सह अध्यक्ष गुरविंदर सिंह मलहोत्रा, सचिव राजेश कुमार गौरव तथा हिलसा अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति के एडीजे सह अध्यक्ष आलोक कुमार पांडेय एवं एसीजेएम प्रथम सह प्रभारी सचिव हेमंत कुमार के नेतृत्व में किया गया। शिविर की अध्यक्षता पीएलवी आलोक कुमार ने की, जबकि पैनल अधिवक्ता विजय कुमार ने मुख्य रूप से जानकारी दी। शिविर की शुरुआत में पीएलवी आलोक कुमार ने विधिक सेवा प्राधिकार की स्थापना, उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना है। पैनल अधिवक्ता विजय कुमार ने तेजाब हमले को गंभीर अपराध बताते हुए कहा कि यह मानव गरिमा एवं जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने भारतीय दंड संहिता की धारा 326A और 326B के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे मामलों में कठोर सजा का प्रावधान है। शिविर में बताया गया कि वर्ष 2016 में लागू नालसा योजना के तहत तेजाब हमले के पीड़ितों



को निःशुल्क कानूनी सहायता, चिकित्सा सुविधा, मुआवजा, मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं पुनर्वास की व्यवस्था की जाती है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार पीड़ितों को न्यूनतम 3 लाख रुपये का मुआवजा देने का प्रावधान है। वक्ताओं ने बताया कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357A के तहत राज्य सरकार पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए बाध्य है तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार इसमें सहायता करता है। साथ ही दुकानदारों से अपील की गई कि वे तेजाब की बिक्री में सतर्कता बरतें और संदिग्ध व्यक्तियों को एसिड न दें। कार्यक्रम के दौरान पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम से आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों एवं प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में अपराध की रोकथाम को बढ़ावा देना था।



# नालंदा खंडहर संरक्षित क्षेत्र में मिट्टी उत्खनन कर रहा जेसीबी व ट्रैक्टर जब्त

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नालंदा खंडहर संरक्षित क्षेत्र में अवैध मिट्टी का उत्खनन कर रहे जेसीबी को खान निरीक्षक ने जब्त किया। खान निरीक्षक मो. अरमान राईन ने बताया कि सहायक निदेशक खान एवं भूतत्व के निर्देश पर नालंदा थाना के सहयोग से छापेमारी की गई। मिट्टी बिक्री करने के लिए जेसीबी से खनन किया जा रहा था। पुलिस वाहन देखते ही धंधेबाज एवं चालक फरार हो गये। जेसीबी और ट्रैक्टर को जब्त कर थाना के हवाले कर दिया गया। धंधेबाजों ने 8 फिट गहरा, 12 फिट चौड़ा एवं 45 फिट लंबा गड्ढा बना दिया है। इससे सरकारी राजस्व की क्षति हो रही थी। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि मिट्टी बिक्री करने के लिए उपयोग में लाया गया वाहन जब्त कर वाहन मालिक एवं चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। धंधेबाज की पहचान की जा रही है।

# तेलमर थाना क्षेत्र के हिरदनबीघा गांव के खंधा में एक व्यक्ति का मिला शव



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत के तेलमर थाना क्षेत्र के हिरदनबीघा गांव के खंधा में रविवार की शाम 4 बजे एक व्यक्ति शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय तेलमर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच प्रक्रिया करने में जुट गई। वही मृतक व्यक्ति की पहचान तेलमर थाना क्षेत्र के जीवनपुर गांव के निवासी स्वर्गीय बिंदा महतो के 40 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार उर्फ पिक्कू के रूप में की गई है। घटना के संबंध में सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि हिरदनबीघा गांव के खंधा में एक व्यक्ति का शव पानी भरे गड्ढा में पड़ा हुआ है। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव की पहचान कराने में जुट गए। हालांकि कुछ देरी के बाद शव की पहचान कर ली गई। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की स्पष्ट जानकारी होगी । घटना स्थल पर फैक्ट्स की टीम को बुलाया गया है। शव की पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ भेजा गया है। वही मौत की खबर सुनते ही परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, 140 लोगों ने उठाया लाभ

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय रेड क्रॉस सा. `साइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा विस्तारित भवन, श्रम कल्याण केंद्र मैदान में रविवार को साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य गरीब, निसहाय एवं जरूरतमंद लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। जांच कराने आए लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसा. इटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। बताया गया कि यह शिविर प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। शिविर में कुल 140 मरीजों की जांच की गई। इसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतीश कुमार ने 35 मरीजों का, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 40 मरीजों का तथा फिजिशियन डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. वीरेंद्र कुमार एवं डॉ. उमेश कुमार सिन्हा ने मिलकर 60 मरीजों का इलाज किया। इसके अलावा डॉ. रवि कुमार ने 20, डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 20 तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने 18 मरीजों को परामर्श दिया। साथ ही 25 लोगों की मधुमेह (डायबिटीज) जांच भी की गई।



शिविर में डॉ. प्रदीप कुमार सिंह (ऑडियोलॉजिस्ट) सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भी अपनी सेवाएं दीं और मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार तथा आजीवन सदस्य बृज बिहारी, राकेश कुमार पंकज, चंद्रमणि कुमार, अरविंद पंडित, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल, एन.एम. मुस्कान कुमारी, कुणाल गौरव, अरुण कुमार एवं संजय कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन सभी सदस्यों ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। उपस्थित लोगों ने उनकी सेवा भावना और समर्पण की सराहना करते हुए इसे शिविर की सफलता का मुख्य आधार बताया।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# परवलपुर प्रखंड में कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन

## मत्स्यजीवियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में बड़ा कदम हरि सहनी

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट परवलपुर (नालंदा)।** स्थानीय परवलपुर प्रखंड स्थित हरप्रसाद विगहा में रविवार को बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लिमिटेड पटना के तत्वावधान में कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन बिहार विधान परिषद के सदस्य एवं पूर्व मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार हरि सहनी , बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहयोग संघ के निदेशक सह मो. हनपुर मत्स्य हैचरी के संचालक शिवनंदन प्रसाद उर्फ शिवजी , पटना मत्स्य क्रय–विक्रय सहकारी संघ के निदेशक मदन कुमार सहनी, समेत अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया ,इस मौके पर श्री सहनी ने कहा कि यह कॉमन सर्विस सेंटर ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल सेवाओं के विस्तार के साथ–साथ स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार एवं कौशल विकास के नए अवसर भी सृजित करेगा। साथ ही यह केंद्र सहकारी तंत्र को मजबूत करते हुए मत्स्यजीवियों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राकेश कश्यप, ने कहा कि कॉफडका उद्देश्य मत्स्यजीवियों एवं सहकारी समितियों को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण एवं वित्तीय सेवाओं




से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है। उन्होंने बताया कि यह कॉमन सर्विस सेंटर "वन–स्टॉप सॉल्यूशन सेंटर" के रूप में कार्य करेगा, जहां , पोर्टल पर मछुआरों का पंजीकरण ,मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड, मछुआरा , नाव ब, मछली , फसल बीमा ,समेत अन्य लाभ दिया जाएगा जिससे मत्स्यजीवियों के सर्वांगीण विकास को गति मिल सकेगा , इस मौके पर शिवनंदन प्रसाद ने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर ग्रामीण भारत में डिजिटल सशक्तिकरण का मजबूत माध्यम बन चुका है और इससे मत्स्यजीवी समुदाय को सरकारी योजनाओं, बैंकिंग, बीमा एवं अन्य डिजिटल सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर आसानी से प्राप्त होगा। उन्होंने इस पहल को डिजिटल इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।कार्यक्रम की अध्यक्षता परवलपुर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के मंत्री राजकुमार केवट, ने की जबकी धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी गोपी कुमार द्वारा किया गया ,



# यूजीसी रेगुलेशन एक्ट बहाल करो संघर्ष समिति नालंदा बिहार भारत ने श्रम कल्याण केंद्र मैदान में बैठक किया गया ब आगे की रणनीति बनाया गया

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहार शरीफ(नालंदा)।** बिहार शरीफ श्रम कल्याण केंद्र मैदान हॉस्पिटल मोड पर एक बैठक किया गया जिसका अध्यक्षता चंद्रशेखर प्रसाद ने किया ब समर्थन दिया आम जनता पार्टी इंडिया राष्ट्रीय सचिव सम्राट रंजीत चौधरी संविधान रक्षक ने कहा यूजीसी एक्ट लागू जब तक नहीं होगा तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा क्योंकि परम पूजनीय बोधिसत्व डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान में समानता का अधिकार दिए है लेकिन देश में ओबीसी एससी एसटी माइनॉरिटी अल्पसंख्यक के साथ आज भी मन.ुवादी ब्राह्मणवादी मानसिकता के लोगों द्वारा शोषण दोहन अपमानित प्रताड़ीत किया जाता है जिला में शोषित वर्ग शोषण से छुटकारा पाने के लिए जब भी अपनी आवाज बुलंद करता है तो शोषक वर्ग राह का रोड़ा बनकर खड़ा हो जाता है जिसका ज्वलंत उदाहरण यूजीसी एक्ट 2026 है जब की रोहित बेमुला पायल तडवी का मामला जगजाहिर है 2019 24 के बीच 118 प्रतिशत की उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव के मामलों में वृद्धि हुई है।




आम जनता पार्टी इंडिया राष्ट्रीय सचिव सम्राट रंजीत चौधरी संविधान रक्षक ने कहा यूजीसी एक्ट को बहाल कराने के लिए ओबीसी एससी एसटी अल्पसंख्यक को मंडल कमीशन की तरह एकजूटता दिखाने की जरूरत है जय भीम जय संविधान इस मौके पर महेंद्र प्रसाद शिवकुमार यादव पिंटू पासवान कमलेश कुमार कमल धर्मेंद्र कुमार सुधीर कुमार बृजनंदन प्रसाद कैलाश प्रसाद बरिय अधिवक्ता कल्याण कुमार उपस्थित थे।



# इमली बीघा गांव में 24 घंटे का अखंड कीर्तन हुआ शुरू

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहूई(नालंदा)।** रहूई के इमली बीघा गांव में स्थित बजरंगबली स्थान परिसर में रविवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हो गया। हरे राम हरे कृष्ण के जय घोष से पूरा इलाका गूंजमय हो गया है।कार्यकर्ताओं ने बताया कि गांव में आपकी भाईचारे का माहौल बना रहे इसी उद्देश्य को लेकर प्रत्येक साल की तरह इस साल भी तीन दिवसीय भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें कार्यक्रम के पहले दिन 151 महिला श्रद्धालुओं के द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाला गया था।वही दूसरे दिन रविवार की दोपहर से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हो गया है। सोमवार को अखंड कीर्तन समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। अखंड कीर्तन में गांव के अलावा आसपास के कई गांव से दर्जनों कीर्तन मंडली शामिल हुए हैं। बच्चों से लेकर बूढ़े तक हरे राम हरे कृष्ण के जाप करने में जुटे हुए हैं। गांव में 24 घंटा मीठा व्यंजन करते हैं एवं धुआं करना सख्त मना है।

# टॉप–10 अपराधी अविनाश कुमार मौसेरे भाई संग गिरफ्तार, हथियार बरामद

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट वेन(नालंदा)।** नालंदा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के टॉप–10 अपराधियों में शामिल अविनाश कुमार को उसके मौसेरे भाई कुशल राज उर्फ प्रिंस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, बेन थाना कांड संख्या 18/26 (दिनांक 25 जनवरी 2026) के नामजद अभियुक्त अविनाश कुमार एवं कुशल राज के बिहारशरीफ के रामचंद्रपुर स्थित अंजना सिनेमा के पीछे एक गली में छिपे होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही राजगीर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर बेन थाना की टीम गठित कर छापेमारी की गई। रात करीब 8रू30 बजे पुलिस टीम ने मौके पर पह.ुंचकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने 24 जनवरी की रात नीरज कुमार के घर पर गाली–गलौज, मारपीट और देशी कट्टे से फायरिंग करने की बात स्वीकार की।गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने भातु बिगहा गांव में एक पुराने आटा चक्की के पास दीवार के ऊपर बने बॉक्स से पीले कपड़े में लिपटा एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। बरामद हथियार के संबंध में अलग से मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपीयो में अविनाश कुमार (26), पिता– रामकुमार सिंह, निवासी– भातु बिगहा, थाना बेन, जिला नालंदा कुशल राज उर्फ प्रिंस (26), पिता– पवन सिंह, निवासी– नयाटोला माधा.`पुर, थाना बख्तियारपुर, जिला पटना शामिल है इस छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष रविराज सिंह के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की टीम शामिल रही। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

# थरथरी बाजार में दिनदहाड़े गोलीबारी, 24 घंटे के भीतर दो आरोपी गिरफ्तार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट थरथरी(नालंदा)।** थरथरी थाना क्षेत्र के बाजार में दिनदहाड़े हुई गोलीबारी और तोड़फोड़ की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश में छापेमारी जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार को दोपहर करीब 1रू10 बजे थरथरी बाजार स्थित बिहार ग्रामीण बैंक के नीचे संचालित अविनाश साइबर कैफे पर पूर्व विवाद को लेकर तीन बाइक सवार 7–8 बदमाशों ने हमला कर दिया। इस दौरान बदमाशों ने कैफे संचालक हरेराम कुमार उर्फ अविनाश के साथ मारपीट की, दुकान में तोड़फोड़ की और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की। घटना की सूचना मिलते ही थरथरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पीड़ित के लिखित आवेदन पर थरथरी थाना कांड संख्या 53/26 दर्ज करते हुए 5 नामजद और 4 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई।वरीय अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए, जिसके बाद पुलिस ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में विकास कुमार (24), पिता– सुधीर यादव, कुणाल कुमार (20), पिता– सत्येंद्र यादव (दोनों निवासी अतवलचक, थाना थरथरी, जिला नालंदा) शामिल है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष साजिद अख्तर के नेतृत्व में अपर थानाध्यक्ष बलिंद्र प्रसाद, सब–इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश द्विवेदी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।







